# Petronet LNG Limited

**Regd. Office:** Fourth Floor, Tower-I, World Trade Centre, Nauroji Nagar, New Delhi – 110029
**Phone**: 011-71233525 **CIN:** L74899DL1998PLC093073
**Email:** investors@petronetlng.in, **Company's website:** www.petronetlng.in


ND/PLL/SECTT/REG. 30/2026 5th May 2026

The Manager
BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street, Mumbai – 400 001

The Manager
National Stock Exchange of India Ltd.
Exchange Plaza, Bandra Kurla Complex
Bandra East, Mumbai – 400 051

**Sub: Intimation under Regulation 30 of SEBI (LODR) Regulations, 2015 – Newspaper Advertisement regarding Notice of Postal Ballot, cut-off date, e-voting and other details relating to Postal Ballot**

Dear Sir / Madam,

Pursuant to Regulation 30 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith copy of newspaper clipping with respect to information regarding Notice of Postal Ballot, cut-off date, e-voting and other details relating to Postal Ballot being conducted by Petronet LNG Limited, published in The Indian Express (English) and Hindustan (Hindi) on 5th May 2026.

This is for information and records please.

Thanking you,

Yours faithfully

Sd/-
**(Rajan Kapur)**
**GGM & President - Company Secretary**

**Encl: as above**

ASSEMBLY BYPOLLS

# Sunetra Pawar wins by 2L votes in Baramati

**Manoj More**
*Pune, May 4*



Maharashtra Deputy CM Sunetra Pawar at the memorial of her husband Ajit Pawar in Baramati after her victory in the bypoll on Monday. EXPRESS

AS WIDELY anticipated, Maharashtra Deputy Chief Minister Sunetra Pawar, also the NCP national president, on Monday won the Baramati Assembly bypoll by a record margin of over 2.18 lakh votes. In the process, she also surpassed her late husband Ajit Pawar's record victory margin of 1.65 lakh votes.

"We have been saying that Sunera Pawar will win by a record margin of votes and even break Ajit Pawar's record. It has come true. It is a glorious victory which is a tribute from Baramatikars to their Ajitdada, who led our party from the front and served Maharashtra till his last breath," Sunil Tatkare, state NCP president, told *The Indian Express*.

Maharashtra Congress spokesperson Gopal Tiwari said, "Sunetra Pawar was a Mahayuti candidate. And was supported by the Maha Vikas Aghadi. It was expected that she would secure a record victory and it has happened."

This is Sunetra's first victory on the Baramati poll terrain. Earlier, in 2024 she had lost the Baramati Lok Sabha election to her sister-in-law Supriya Sule. Later though she was elected to the Rajya Sabha.

Sunetra's younger son, Jay, went to Ajit Pawar's memorial to pay his respects after his mother's poll victory. "Everyone took this election into their own hands for their leader, Ajit Pawar. People of Baramati have always supported my parents," he said.

When he was asked about the possible merger of two NCPs, Jay said, "I cannot decide alone regarding the future path or the merger of the two NCP factions. A merger needs to happen between both parties. Therefore, if the senior leaders of both parties decide something regarding a merger or hold discussions on it, the scenario could look different in the future."

Jay said a 'janata darbar' (public grievance meeting) will be held every Thursday in Baramati. In a social media post, Sunetra expressed her "heartfelt gratitude to all the people of Baramati for electing me with a big margin of votes".

"The trust, love, and support shown by the people of Baramati are extremely precious to me. This was the first election in Baramati held after Ajitdada's death. Today, the absence of his guidance and presence is deeply felt...," she said.

## •BYPOLL RESULTS IN 5 STATES

| CONSTITUENCY | WINNER | PARTY | MARGIN |
|---|---|---|---|
| Baramati (Maharashtra) | Sunetra Ajit Pawar | NCP | 2,18,034 |
| Rahuri (Maharashtra) | Akshay Shivajirao Kardile | BJP | 1,12,587 |
| Bagalkot ( Karnataka) | Umesh Hullappa Meti | INC | 22,332 |
| Davanagere South (Karnataka) | Samarth Shamanur Mallikarjuna | INC | 5,708 |
| Umreth (Gujarat) | Harshadbhai Govindbhai Parmar | BJP | 30,743 |
| Dharmanagar (Tripura) | Jahar Chakraborti | BJP | 18,290 |
| Koridang (Nagaland) | Daochier I Imchen | BJP | 3,123 |

SOURCE: ECI WEBSITE

# Gujarat BJP cements grip on Umreth with thumping win

**Aditi Raja**
*Vadodara, May 4*

TWO MONTHS after the death of veteran BJP MLA Govind Parmar necessitated a by-poll for the Umreth constituency in Anand district, his son Harshad Parmar won the seat, handing the ruling party a thumping win with a margin of over 30,000 votes.

Bagging nearly 59% of the votes, the BJP candidate defeated the Congress's Bhrugurajsingh Chauhan, who secured 54,757 votes.

The Umreth seat, carved out after a delimitation merged it with the erstwhile Sarsa constituency, has witnessed a gradual but firm consolidation in favour of the BJP since 2017, when Govind Parmar defeated the NCP's Jayant 'Bosky' Patel by a significant margin.

A leader of the Kshatriya-Thakor community of Anand district, who had considerable influence in the co-operative sector, Govind Parmar was elected as an MLA in 1995, 1998, 2017, and 2022. In 1995, he was an independent MLA for Sarsa and was re-elected in 1998 on a Congress ticket. He lost the seat in 2002 and 2007.

# Congress wins both seats in Karnataka

**Express News Service**
*Bengaluru, May 4*



Karnataka Deputy CM D K Shivakumar and other Congress leaders at a press meet in Bengaluru on Monday. PTI

AFTER AN initial scare in one of the seats, the Congress party on Monday won both the Karnataka Assembly seats which went to a bypoll on April 9.

The Congress candidate from the Bagalkot constituency, Umesh Meti, won by a margin of 22,332 votes against BJP's Veeranna Charantimath. In the Davanagere South constituency, after an initial scare, Congress party's Samarth Mallikarjuna defeated BJP's Shrinivasa Dasakariyappa with a close margin of 5,708 votes.

In Davanagere South, the BJP had secured a lead of over 5,000 votes in the first seven rounds of counting, but the results ultimately swung in favour of the Congress in the rest of the rounds. That Social Democratic Party of India candidate Afsar Kodlipete polled close to 19,000 votes here reflected the anger Congress faced among Muslim voters. In the 2023 Karnataka Assembly elections, SDPI had polled over 1,100 votes here.

The disgruntlement among a section of Muslim leaders of the Congress over the party picking 27-year-old Samarth, a third-generation politician of the Shamanur Shivashankarappa family, appears to have a bearing on the results.

The leaders had sought a ticket for a Muslim candidate, since over a third of the electorate in Davanagere South belong to the community. The disagreement resulted in allegations of 'anti-party activity' and action against Congress MLCs Abdul Jabbar and Naseer Ahmed.

The vote counting at Davanagere South also faced two issues. First, authorities misplaced the keys of a strong room where the EVMs were stored, and the locks had to be broken to access the ballots here in the morning.

Second, three EVMs here also faced technical issues at the end of the counting, after which officials decided to count the VVPAT slips. Since the votes these three machines recorded were less than Samarth's lead, the Congress party had already started the celebrations here.

Karnataka Deputy CM D K Shivakumar said the party had expected a better margin in Davanagere South. "In Bagalkot, our margin was less in 2023, and we have won there by a huge margin this time," he added.


Ministry of Culture
Government of India

**Centre for Contemporary Studies**
**Prime Ministers Museum and Library**
Cordially invites you to a **Panel Discussion on the book**
**A History of India's Green Revolution: Reign of Technocracy**
Authored by
**Prakash Kumar**
**Discussants:**
**Prof. Santosh K. Mehrotra**
Former Senior Fellow, PMML
**Dr. Atul Bhardwaj**
Deputy Director, CMHCS, USI
**Moderator:**
**Dr. Ravi K. Mishra**
Joint Director, PMML
05 May 2026 at 3:00pm
**Venue:**
Seminar Room, Library Building
Prime Ministers Museum and Library
**All are Welcome.**
Those wishing to have their names added to the email list may please email us at:- **rajnishpmml@gmail.com**
CBC- 09142/11/0009/2627



**Petronet LNG Limited**
**Regd. Office:** Fourth Floor, Tower-I, World Trade Centre, Nauroji Nagar, New Delhi - 110029
**Phone:** 011-71233525, **CIN:** L74899DL1998PLC093073
**Email:** investors@petronetlng.in, **Company's website:** www.petronetlng.in

**NOTICE OF POSTAL BALLOT**

Notice is hereby given that the Company is seeking approval of its Members for appointment of a Director on the Board, as detailed in the Notice of Postal Ballot.

Detailed Postal Ballot Notice, together with explanatory statement and instructions for e-voting are available on the Company's website at **www.petronetlng.in**, websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited at **https://www.bseindia.com**, National Stock Exchange of India Limited at **https://www.nseindia.com** and on the website of e-voting agency i.e. National Securities Depository Limited (NSDL) at **www.evoting.nsdl.com**.

The Postal Ballot is conducted in accordance with Section 110 and other applicable provisions, if any, of the Companies Act, 2013 ('Act') read with the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, ('Rules') and Regulation 44 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

The Ministry of Corporate Affairs, through General Circular Nos. 14/2020 dated April 8, 2020, 17/2020 dated April 13, 2020, 10/2021 dated June 23, 2021, 20/2021 dated December 8, 2021, 3/2022 dated May 5, 2022, 11/2022 dated December 28, 2022, 09/2023 dated September 25, 2023, 09/2024 dated September 19, 2024, 03/2025 dated September 22, 2025 and other relevant circulars and notifications issued by the Ministry of Corporate Affairs (hereinafter collectively referred to as 'MCA Circulars'), has permitted companies to conduct the postal ballot by sending the notice in electronic form only.

The Company had already intimated of the opportunity being given to its Members and mechanism available to them to register their email addresses, so that various communication(s) can be sent to them through email.

Members who have not registered their e-mail address are requested to get their e-mail registered with the concerned Depository, in case shares held in dematerialized mode or with Registrar and Share Transfer Agent of the Company ("RTA"), Bigshare Services Private Limited in case shares held in physical mode. Post successful registration of the e-mail, Members may request to get postal ballot notice and the procedure for e-voting to enable voting for this Postal Ballot by sending an email to **investor@bigshareonline.com**.

The postal ballot notice and the e-voting instructions along with the user ID and password have been sent by email to those Members whose email addresses are registered with the Company/ RTA/ concerned Depository Participants and whose names appear in the Register of Members/ List of Beneficial Owners as on **Friday, May 1, 2026 (the "Cut-off date")**. The email process has been completed on **Monday, May 4, 2026.**

The Company has engaged the services of National Securities Depository Limited (NSDL) to provide remote e-voting facility to its Members. **The remote e-voting period shall commence from 9:00 a.m. (IST) on Friday, May 8, 2026 and shall end at 5:00 p.m. (IST) on Saturday, June 6, 2026**. The e-voting module shall be disabled by NSDL thereafter. Voting rights of Members shall be in proportion to the shares held by them in the paid-up equity share capital of the Company as on **cut-off date i.e. Friday, May 1, 2026**. Communication of assent or dissent of the Members would take place only through the remote e-voting system. Only those Members whose names are recorded in the Register of Members of the Company or in the Register of Beneficial Owners maintained by the Depositories as on the cut-off date will be entitled to cast their votes by remote e-voting. Once the vote is cast by the Member, he/ she shall not be allowed to change it subsequently.

All grievances connected with the facility for voting by electronic means may be addressed to Ms. Pallavi Mhatre, Senior Manager, NSDL at **evoting@nsdl.co.in** or contact at 022- 4886 7000.

The Board of Directors of the Company has appointed M/s Ragini Chokshi & Co., Company Secretaries (Firm Reg. No.: BA-92897) as the Scrutinizer for conducting the Postal Ballot process in a fair and transparent manner.

The resolutions, if passed with requisite majority by the Members through Postal Ballot, shall be deemed to be passed on the last date of the voting period i.e. **on Saturday, June 6, 2026**.

The result of the voting by Postal Ballot will be announced latest by **Tuesday, June 9, 2026** and shall be available on the Company's website at **www.petronetlng.in**, on the websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited at **https://www.bseindia.com/** and National Stock Exchange of India Limited at **https://www.nseindia.com/** and on the website of NSDL at **www.evoting.nsdl.com**.

**General appeal to Members:**

- We solicit your valuable cooperation and support in our endeavour to contribute our bit to the environment. We appeal Members to register/update their email addresses with their Depository Participant (DP) (if shares are held in electronic mode) or RTA/Company (if shares are held in physical mode) for receiving communications from the Company.
- SEBI vide its Circular No. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD_RTAMB/P/CIR/2021/655 dated November 3, 2021 (subsequently amended by Circular Nos. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD_ RTAMB/P/CIR/2021/687 dated December 14, 2021, SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD-1/P/CIR/2023/37 dated March 16, 2023 and SEBI/HO/MIRSD/POD-1/P/CIR/2023/181 dated November 17, 2023) has mandated that with effect from April 1, 2024, dividend to security holders (holding securities in physical form), shall be paid only through electronic mode. Such payment shall be made only after furnishing the PAN, choice of nomination, contact details including mobile number, bank account details and specimen signature. Further, relevant FAQs published by SEBI on its website can be viewed at the following link: https://www.sebi.gov.in/sebi_data/faqfiles/sep-2024/1727418250017.pdf
- Members may please note that SEBI vide its Circular No. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD_RTAMB/P/CIR/2022/8 dated January 25, 2022 has mandated the listed companies to issue securities in dematerialized form only while processing service requests viz. issue of duplicate securities certificate; claim from unclaimed suspense account; renewal/exchange of securities certificate/ folios; endorsement; sub-division/splitting of securities certificate; consolidation of securities certificates/folios; transmission and transposition. Accordingly, Members are requested to make service requests by submitting a duly filled and signed Form ISR – 4, the format of which is available on the Company's website at **https://www.petronetlng.in/norms-for-processing-investors-service-requested-by-rta-related-forms** and on RTA's website at www. bigshareonline.com. It may be noted that any service request can be processed only after the folio is KYC compliant.
- Members may please note that pursuant to SEBI Circular no. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/ I/3750/2026 dated January 30, 2026, the Company has opened a special window exclusively for the re-lodgement of transfer deeds, which were lodged prior to the deadline of April 01, 2019 and rejected/ returned/ not attended due to the deficiency in the documents/ process/ or otherwise. The special window will remain open from February 05, 2026 to February 04, 2027. Detailed circular is available on the website of the Company at www.petronetlng.in. Lodgement of legally valid and complete documents for transfer of physical shares, where there is no dispute on ownership will be considered. Investors may submit their request latest by February 04, 2027, with the Registrar & Share Transfer Agent (RTA) of the Company. The securities so transferred shall be mandatorily credited to the transferee only in demat mode and shall be under lock-in for a period of one year from the date of registration of transfer. Such securities shall not be transferred/ lien-marked/ pledged during the said lock-in period. Investors must have a demat account and provide the necessary documents as specified in the SEBI circular dated 30.01.2026, while raising request for transfer of physical shares with RTA. Due process shall be followed for such transfer-cum-demat requests.
- Members are requested to update their records by submitting duly filled and signed relevant form along with the relevant proofs listed in the forms, to the RTA of the Company, Bigshare Services Private Limited by post to Office No. S6-2, 6th Floor, Pinnacle Business Park, Next to Ahura Centre, Mahakali Caves Road, Andheri {E}, Mumbai – 400093.

By order of the Board
For Petronet LNG Limited
Sd/-
(Rajan Kapur)
GGM & President - Company Secretary

**Place :** New Delhi
**Date :** May 4, 2026



**कार्यालय अधीक्षण पुरातत्वविद, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण**
आगरा मंडल, 22, माल रोड, आगरा I e-mail-circleagra.asi@gov.in, 0562-2227261
निविदा सदर्भ सं०:- 07/34/2024/M

**वाहन पार्किंग नीलामी सूचना**

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, आगरा मंडल, आगरा के अंतर्गत उपमंडल अकबर टॉम्ब, सिकंदरा, आगरा में वाहन पार्किंग हेतु एक वर्ष के लिए वाहन पार्किंग के प्रबंधन एवं संचालन हेतु ई नीलामी के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक निविदा दाता विस्तृत जानकारी, नियम एवं शर्तें भारत सरकार के C P P Portal https://eprocure.gov.in/eprocure/app) से दस्तावेज डॉउनलोड कर सकते हैं और दिनांक 04/05/2026 से 25/05/2026 को 15:00 बजे तक ई टेंडरिंग पोर्टल पर अपनी बोलीयां जमा कर सकते हैं।

**अधीक्षण पुरातत्वविद**



**EXPRESS Careers**

**IIM MUMBAI**
भारतीय प्रबंधन संस्थान मुंबई
Indian Institute of Management Mumbai
(Ministry of Education, Government of India)
Azadi Ka Amrit Mahotsav
VIKSIT BHARAT @2047

**Advt. No. Admn/Rectt/2026/13 dated 22 April 2026**
**Advertisement for Non-Teaching Positions**
IIM Mumbai invites applications for Non-Teaching positions from eligible candidates.

| Advt. No. | Name of Post | Pay Level |
|---|---|---|
| Admn/Rectt/2026/13 | Assistant (Program) | Pay Level 06 |
| | Assistant (Hostel) | |
| | Executive Assistant | |

For detailed advertisements, please visit
https://iimmumbai.ac.in/careers
Chief Administrative Officer



DELHI POLICE
SHANTI SEWA NYAYA

**TRAFFIC ADVISORY**
IPL T20 CRICKET MATCH
on 05-05-2026
DELHI CAPITALS VS CHENNAI SUPER KINGS
7:00PM TO 11:30PM

HELP US SERVE YOU BETTER

ARUN JAITLEY STADIUM, FEROZESHAH KOTLA GROUND, NEW DELHI

P — PICK UP POINT SHUTTLE SERVICE
D — DROP OFF POINT SHUTTLE SERVICE
T — TAXI (DROP OFF / PICK UP LANE)

**LEGEND**
THOSE NOT HAVING PARKING LABEL TO FOLLOW RED
THOSE HAVING PARKING LABEL MAY FOLLOW BLUE ARROWS.
Park & Ride Free Parking
Mata Sundari Road,
Rajghat Power House Road,
Velodrome Road,
Service Road of Rajghat
& Shantivan Both Sides




★ - USE METRO OR PUBLIC TRANSPORT TO REACH THE STADIUM
Nearest Metro Station:
Delhi Gate, (Gate No. 4 & 5)
ITO (Gate No. 3,4 & 5)

RIDE METRO/FREE SHUTTLE BUS FOR HASSLE FREE JOURNEY

Free Shuttle bus service provided by DELHI CAPITALS
Free Parking : 1. Mata Sundari Road 2. Rajghat Power House Road 3. Velodrome Road 4. Service Road of Rajghat & Shantivan Both Sides

SECURITY INSTRUCTIONS: Spectators visiting the stadium are requested not to bring the following prohibited items:
EARPODS/ HEADPHONES, Laptop, Camera, Helmet, Bagpack, Eatables, Water Bottles, Lighter & Match Box, Knives & Arms

**DIVERSION / RESTRICTION**
ON NEED BASIS
On need basis, there will be traffic diversions / restrictions on Bahadur Shah Zafar Marg and JLN Marg on 05.05.2026 from 05:00 PM to 01:00 AM
**No heavy or commercial vehicles** will be allowed on the roads from (1) Daryaganj to Delhi Gate Chowk on BSZ Marg (2) Delhi Gate Chowk towards Guru Nanak Chowk on JLN Marg and (3) ITO to Delhi Gate Chowk on BSZ Marg.
Commuters are requested to avoid the following roads from 05:00 PM to 01:00 AM on the day of match when the spectators would be coming to the stadium and congestion is expected:
J.L.N. Marg from Rajghat to Delhi Gate up to R/A Kamla Market (Both Carriageways)
Asaf Ali Road from Turkman Gate to Delhi Gate
BSZ Marg from Delhi Gate to Ramcharan Aggarwal Chowk / ITO Chowk (Both Carriageways)

**ENTRY TO THE STADIUM**
(I) Gate Nos. 1 to 8 are located on the southern side of the Stadium & entry to these enclosures are from Bahadurshah Zafar Marg.
(II) Gate Nos.10 to 15 are located on the Eastern side of the Stadium on the road and entry is from J.L.N. Marg Next to Ambedkar Stadium Bus Terminal.
(III) Gate Nos. 16, 17 & 18 are located on the Western side of the Stadium & entry is from Bahadurshah Zafar Marg near Petrol Pump.

**FREE PARK & RIDE**
For spectators, unlabelled vehicles 'park and ride' facility has been created at the following places:-
**Park & Ride Free Parking** Mata Sundari Road, Rajghat Power House Road, Velodrome Road, Service Road of Rajghat & Shantivan Both Sides

**PARKING**
**Labelled Vehicles**
Limited parking is available for labelled vehicles in the proximity of the Stadium. Display of car parking label on windscreen is mandatory. Vehicle number must be written on the parking label. Those who do not display parking label with vehicle number will not be allowed in the proximity of the stadium.
Car parking label holders are advised to take Ring Road, J.L.N. Marg, Asaf Ali Road or Bahadurshah Zafar Marg. 'U' turn at Delhi Gate is allowed. Entr y to parking lots P1, P2, P3, VIP and VVIP shall be from Bahadurshah Zafar Marg only from near the Vikram Nagar Cut, Shaheedi Park.

**General Vehicles**
No vehicle shall be allowed to be parked on Bahadurshah Zafar Marg, Jawaharlal Nehru Marg & Ring Road from Rajghat to I.P. Flyover (both the carriageways) on the match day. Vehicles parked on these roads shall be towed away and prosecuted as per law.
All the spectators coming in their vehicles shall reach these Park & Ride sites, and avail "Park & Ride" facility or walk down to reach stadium.

BUS All Buses will Start Their Services 2 Hours Before The Start of The Match And Will Continue Till 12:30 AM
TAXI Spectators using app based taxi and other taxis should use the service lane on Ring Road between I.P. flyover & Rajghat crossing for drop & pickup.

24 Hours Traffic Helpline: 011-25844444 / 1095

रक्षा मंत्री राजनाथ बोले- जमीन, आसमां-समुद्र ही नहीं, हमें कई तरह के युद्ध के लिए तैयार रहना होगा

# सैन्य शक्ति को मजबूत बनाने के लिए नॉलेज कॉरिडोर की जरूरत

**उम्मीद**

**प्रयागराज, प्रमुख संवाददाता।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत की सैन्य शक्ति को मजबूत बनाने के लिए डिफेंस के बाद अब नॉलेज कॉरिडोर बनाने की जरूरत है। सिंह ने यह बात भारतीय सेना की उत्तरी एवं मध्य कमान तथा भारतीय रक्षा निर्माता सोसायटी की ओर से आयोजित तीन दिवसीय नॉर्थटेक सिम्पोजियम का उद्घाटन करते हुए कही।

न्यू कैंट स्थित कोबरा ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में रक्षा मंत्री ने कहा कि अब जमीन, आसमान-समुद्र ही नहीं, बल्कि हमें कई तरह के युद्ध के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में घरेलू रक्षा उत्पादन रिकॉर्ड 1.54 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जबकि रक्षा निर्यात सर्वकालिक उच्च स्तर 38,424 करोड़ रुपये तक पहुंचा है। इसमें और तेजी से वृद्धि होने की संभावना है।

रक्षा त्रिवेणी संगम थीम पर आयोजित इस सिम्पोजियम में रक्षा अनुसंधान के क्षेत्र में डीआरडीओ के



प्रयागराज में सोमवार को नॉर्थ टेक सिम्पोजियम के प्रदर्शनी में आए अत्याधुनिक हथियारों को देखते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह। • एएनआई

कामों की तारीफ करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि केंद्रीय एजेंसी अब अकेली नहीं है। डीआरडीओ के साथ अब रक्षा के क्षेत्र में काम करने वाली निजी क्षेत्र की कंपनियां भी हैं। डीआरडीओ ने कंपनियों के लिए शोध का द्वार खोला है।

**लैब में तैयार हो रही भविष्य के युद्ध की रूपरेखा :** राजनाथ सिंह ने कहा कि भविष्य के युद्ध की रूपरेखा अब लैब में तैयार हो रही है। सैन्य क्षेत्र में तेजी से बदलाव हो रहे हैं, इसलिए साल-दो साल इंतजार नहीं कर सकते। नई तकनीक को तुरंत नहीं अपनाया तो प्रतिद्वंद्वी से पीछे रह जाएंगे। सिम्पोजियम में शामिल रक्षाकर्मियों, उद्योगपतियों, नवप्रवर्तकों, स्टार्टअप्स, शिक्षा जगत के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में तकनीकी का बोलबाला है। अप्रत्याशित तकनीकी ने युद्ध का चेहरा बदल दिया है।

### उद्योगों को उत्कृष्टता हासिल करनी चाहिए

रक्षामंत्री ने कहा, उद्योगों को निर्देशित ऊर्जा हथियार, हाइपरसोनिक हथियार, जलमग्न क्षेत्र जागरूकता, अंतरिक्ष स्थिति जागरूकता, क्वांटम प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़कर उत्कृष्टता हासिल करनी चाहिए। उन्होंने इस प्रयास में सरकार के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

### छह घंटे तक उड़ान भर सकता है 'काल'

नॉर्थटेक सिम्पोजियम में आईजी डिफेंस की ओर से कई खतरनाक ड्रोन के साथ ही टैक्टिकल प्रिसिजन स्ट्राइक सिस्टम भी प्रदर्शित किया गया है। 'काल आईजी डिफेंस' लंबी दूरी तक मार करने वाला स्ट्राइक ड्रोन है। इसकी मारक क्षमता एक हजार किमी तक है। यह तीन से छह घंटे तक लगातार उड़ान भर सकता है।

### प्रयागराज ज्ञान-आस्था के संगम की नगरी

रक्षामंत्री ने तीन दिवसीय नॉर्थटेक सिम्पोजियम के उद्घाटन समारोह में महाकुम्भ को याद किया। उन्होंने कहा, प्रयाग की पावन धरती पर समागम हो रहा है। यह ज्ञान-आस्था के संगम की नगरी है। महाकुम्भ की जीवंत परंपरा की झलक नॉर्थ टेक सिम्पोजियम में भी देखने को मिल रही है। प्रयागराज में तीन दिन देश की रक्षा को और मजबूत बनाने पर मंथन होगा।

## पूर्व लेखाधिकारी को मिली जमानत

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** अदालत ने सोमवार को एक पूर्व लेखा अधिकारी को जमानत दे दी। उस पर आरोप है कि उसने अपने क्रिप्टो-सट्टेबाजी के धंधों के लिए धनराशि जुटाने के मकसद से भारत के जिनेवा स्थित स्थायी मिशन से दो लाख से अधिक स्विस फ्रैंक (लगभग दो करोड़ रुपये) का गबन किया।

विशेष न्यायाधीश विजेता सिंह रावत की कोर्ट मोहित की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही है। मोहित 17 दिसंबर, 2024 को जिनेवा स्थित स्थायी मिशन में असिस्टेंट सेक्शन अधिकारी के तौर पर शामिल हुआ था।

## पूर्व चेयरमैन पर भ्रष्टाचार का केस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीबीआई अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने जल एवं विद्युत परामर्श सेवाएं (डब्ल्यूएपीसीओएस) के पूर्व चेयरमैन-सह-प्रबंध निदेशक रजनीकांत अग्रवाल के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है।

अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने जल शक्ति मंत्रालय से मिली एक शिकायत के बाद यह कार्रवाई की। डब्ल्यूएपीसीओएस इसी मंत्रालय के तहत काम करता है। शिकायत में आरोप लगाया गया कि अग्रवाल ने ठेकेदारों से पैसे लेकर अपने बेटे की फीस, यात्रा और अन्य खर्चों का भुगतान किया।

## देश-विदेश 30s

### शिमला में स्कूलों को बम की धमकी मिली

**शिमला।** शिमला के कई स्कूलों को सोमवार को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली। दहशत के बीच स्कूलों को खाली करा लिया गया। तलाशी के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिलने पर सभी ने राहत की सांस ली। पुलिस ने बताया, शिमला के कई स्कूलों को धमकी भरे ईमेल प्राप्त हुए थे। स्कूलों ने पुलिस को सूचना दी और छात्रों को वहां से सुरक्षित बाहर निकालने के बाद परिसर की तलाशी ली गई।

### खाई में गिरी कार, मां-बेटी समेत चार की मौत

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में सोमवार को एक कार अनियंत्रित होकर लगभग 400 फीट गहरी खाई में गिर गई। इस भीषण सड़क हादसे में मां-बेटी समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा संगड़ाह-गत्ताधार मार्ग पर उस समय हुआ। जानकारी के अनुसार, कार में कुल पांच लोग सवार थे और वे थियर धार से गत्ताधार की ओर जा रहे थे। स्थानीय लोगों ने बचाव कार्य शुरू कर खाई से शवों को बाहर निकाला।

### एआई के लिए 15 हजार छात्रवृत्ति की घोषणा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सोमवार को मीडिया, मनोरंजन, गेमिंग और एनीमेशन क्षेत्रों में युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में प्रशिक्षित करने के लिए 15,000 छात्रवृत्तियों की घोषणा की। यह पहल उभरती तकनीकों में कौशल को बढ़ावा देने के प्रयासों का हिस्सा है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा शुरू की गई इस योजना को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजीज (आईआईसीटी) के सहयोग से लागू किया जाएगा।

### फ्रांस का प्रोजेक्ट फ्रीडम में भागीदारी से इनकार

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सोमवार को कहा कि यूरोप अपनी सुरक्षा मजबूत कर रहा है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि फ्रांस होर्मुज को फिर से खोलने के अभियान में हिस्सा नहीं लेगा। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने इसे अस्पष्ट फ्रेमवर्क बताया और उन्होंने बातचीत के जरिये स्ट्रेट को फिर से खोलने की मांग दोहराई।

### गडकरी ने राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा की



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की सोमवार को नई दिल्ली में समीक्षा की। इसमें नागपुर-भंडारा खंड के छह लेन विस्तार, तलोदा-बुरहानपुर खंड के चार लेन निर्माण, दुर्ग-गढ़चिरौली-मंचेरियल गलियारा, गढ़चिरौली-कांकेर (रायपुर-विशाखापत्तनम) गलियारा व ग्वालियर-नागपुर गलियारा सहित कई प्रमुख परियोजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक में महाराष्ट्र में राष्ट्रीय राजमार्गों पर कुल 527 किमी लंबाई की नौ राज्य की बीओटी परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई।

### आईआईआईटी छात्र ने कूदकर दी जान

**नागपुर।** भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) नागपुर के छात्र ने सोमवार तड़के छात्रावास की छत से कूदकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, कोल्हापुर निवासी 20 वर्षीय श्रेयश चंद्रकांत माने सुबह लगभग 4:30 बजे कॉलेज परिसर स्थित छात्रावास की छत से कूद गया। वह बीटेक कंप्यूटर साइंस द्वितीय वर्ष के छात्र थे। बुटीबोरी पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर लिया है। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# जेपी मामले में वेदांता समूह की अपील खारिज

**फैसला**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने उद्योगपति अनिल अग्रवाल नीत वेदांता लिमिटेड की दो याचिकाएं सोमवार को खारिज कर दीं। कंपनी ने इनमें कर्ज में डूबी जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के लिए गौतम अदाणी नीत अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की बोली के चयन को चुनौती दी थी।

एनसीएलएटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अशोक भूषण और तकनीकी सदस्य बरुण मित्रा की दो-सदस्यीय पीठ ने पाया कि ऋणदाताओं की समिति ने अदाणी समूह की 14,535 करोड़ रुपये की बोली को प्राथमिकता देकर सही फैसला किया था। एनसीएलएटी ने आदेश में कहा, वेदांता द्वारा ऐसा कोई आधार नहीं बनाया गया है जिससे निर्णायक प्राधिकरण (एनसीएलटी) के निर्णय में हस्तक्षेप किया जा सके।

जेपी समूह की प्रमुख कंपनी जेएएल को 57,185 करोड़ रुपये कर्ज के भुगतान में चूक के बाद जून 2024 में कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया में शामिल किया गया था। अंतिम बोली अदाणी समूह ने जीती थी।

### वेदांता का संशोधित प्रस्ताव

वेदांता ने 16,070 करोड़ रुपये का संशोधित प्रस्ताव प्रस्तुत किया लेकिन लेनदारों ने समय सीमा के बाद परिवर्तनों पर रोक लगाने वाले नियमों का हवाला देते हुए इस पर विचार करने से इनकार कर दिया। वेदांता पर सवाल उठाते हुए कहा था कि बोली सकल मूल्य के लिहाज से 3,400 करोड़ रुपये अधिक और शुद्ध वर्तमान मूल्य के आधार पर लगभग 500 करोड़ रुपये अधिक थी। वेदांता ने तर्क दिया कि प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी थी और संशोधित बोली बेहतर मूल्य प्रदान करती थी।

### इस अधिग्रहण से अदाणी को प्रमुख फायदे

**सीमेंट और खदानें**

मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में लगभग 6.5 मिलियन टन प्रति वर्ष की क्षमता वाले 4 सीमेंट प्लांट और चूना पत्थर की खदानें मिली हैं, जिससे अंबुजा सीमेंट की उत्तरी और केंद्रीय भारत में पकड़ मजबूत होगी।

**रियल एस्टेट और जमीन**

दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र (नोएडा/ग्रेटर नोएडा) में लगभग 3,985 एकड़ प्रमुख भूमि मिली है, जिसमें जेपी ग्रीन्स और विश टाउन जैसी प्रमुख परियोजनाएं शामिल हैं।

**बुनियादी ढांचा**

प्रतिष्ठित 'बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट' (फार्मूला 1 ट्रैक) और यमुना एक्सप्रेसवे में हिस्सेदारी।

**ऊर्जा और होटल**

जयप्रकाश पावर वेंचर्स में 24% हिस्सेदारी, 279 मेगावाट की कैप्टिव पावर क्षमता, और मसूरी, आगरा व दिल्ली में प्रीमियम होटल।

## भोजशाला: मुस्लिम पक्ष आपत्ति पेश करें

**इंदौर, एजेंसी।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर पीठ ने सोमवार को मुस्लिम समुदाय के एक पक्षकार को निर्देश दिया कि वह भोजशाला मंदिर-कमाल मौला मस्जिद परिसर में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के वैज्ञानिक सर्वेक्षण से जुड़ी वीडियोग्राफी पर तीन दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्तियां पेश करे।

भोजशाला को हिंदू समुदाय वाग्देवी का मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम पक्ष इसको कमाल मौला मस्जिद बताता है।

# अदालत से खान की अग्रिम जमानत रद्द

**टीसीएस मामला**



नासिक की एक अदालत ने कहा, ऐसा प्रतित होता है कि पीड़िता का ब्रेनवाश कर मलेशिया भेजने की साजिश थी

- अपराध की गंभीरता वास्तव में बहुआयामी, केस की जड़ तक पहुंचने के लिए पूछताछ जरूरी

**मुंबई, एजेंसी।** नासिक की एक अदालत ने कथित यौन उत्पीड़न और जबरन धर्म परिवर्तन संबंधी टीसीएस कर्मी निदा खान की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि पीड़िता का 'सुनियोजित तरीके से' 'ब्रेनवाश' करके उसे मलेशिया भेजने की 'एक सुनियोजित साजिश' थी।

अदालत ने कहा कि खान की याचिका में 'कोई दम नहीं है।' अदालत ने कहा कि अपराध की गंभीरता वास्तव में बहुआयामी और बहुस्तरीय है तथा मामले की जड़ तक पहुंचने के लिए हिरासत में पूछताछ जरूरी है। अतिरिक्त सेशन जज (नासिक रोड) के. जी. जोशी का आदेश सोमवार को उपलब्ध हुआ।

सुनवाई के दौरान अदालत ने अपने आदेश में कहा कि रिकॉर्ड में मौजूद सामग्री से पता चलता है कि आरोपी की पीड़िता का नाम बदलने के बाद उसे मलेशिया भेजने की योजना थी। अभियोजन पक्ष द्वारा उससे हिरासत में पूछताछ की जरूरत पर जोर दिये जाने के बाद अदालत ने खान की याचिका दो मई को खारिज कर दी।

**महिला ऑपरेशन मैनेजर सहित 8 लोग गिरफ्तार:** बता दें कि कथित यौन उत्पीड़न और जबरन धर्म परिवर्तन संबंधी मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) ने नौ एफआईआर दर्ज कर आठ लोगों को गिरफ्तार किया है।

## बैंक लूट मामले में यूपी से दो गिरफ्तार

**सूरत, एजेंसी।** गुजरात के सूरत में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) शाखा से 50 लाख रुपये की लूट मामले में पुलिस ने उत्तर प्रदेश के अयोध्या और गोंडा से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों की पहचान शुभम कुमार और विकास सिंह के रूप में हुई है। ट्रांजिट रिमांड के लिए दोनों को गोंडा की अदालत में पेश किया जाएगा, जिसके बाद आगे की पूछताछ के लिए सूरत लाया जाएगा। गौरतलब है कि 27 अप्रैल को हथियारबंद बदमाशों के एक गिरोह ने एसबीआई की शाखा में घुसकर लगभग 50 लाख रुपये लूट लिए थे और मौके से फरार हो गए थे।

# आईडीबीआई बैंक धोखाधड़ी में तीन लोगों को कारावास

**अदालत से**

- जाली दस्तावेजों के आधार नौ लाख 75 हजार करोड़ का ऋण मंजूर करवाया था

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** अदालत ने सोमवार को एक कंपनी के तीन पूर्व अधिकारियों को इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया (आईडीबीआई) को धोखा देने के मामले में चार साल की कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने कहा कि बेवजह की हमदर्दी न्याय व्यवस्था को नुकसान पहुंचाएगी।

विशेष जज सुधांशु कौशिक की अदालत ने सजा पर दलीलें सुनी। इससे पहले 24 अप्रैल को निजी कंपनी के पूर्व अधिकारियों 64 वर्षीय सुमित चतुर्वेदी, 67 वर्षीय अमित चतुर्वेदी व 66 वर्षीय परवीन जुनेजा को धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश रचने व जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करने के अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया था। अदालत ने कहा कि यह साबित हो गया है कि दोषियों ने वर्ष 2009 में आईडीबीआई को धोखा देने के लिए एक आपराधिक साजिश रची। इसी साजिश को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने जाली दस्तावेजों के आधार 9 लाख 75 हजार करोड़ का ऋण मंजूर करवाया और उसे हासिल भी कर लिया।

# बजट अनुमान से अधिक रह सकती है उर्वरक सब्सिडी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया के तनाव का असर भारत के उर्वरक खर्च पर दिख रहा है। सरकार को अंदेशा है कि चालू वित्त वर्ष में उर्वरक की सब्सिडी बजट में तय 1.71 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो सकती है। इसकी वजह यूरिया और उर्वरकों की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय कीमतें हैं।

उर्वरक विभाग में अतिरिक्त सचिव अपर्णा एस शर्मा ने सोमवार को बताया कि वैश्विक स्तर पर कीमतें बढ़ रही हैं और इसका सीधा असर भारत के आयात पर पड़ रहा है। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि सब्सिडी कितनी बढ़ेगी, लेकिन खर्च बढ़ने के संकेत साफ हैं। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद किसानों को उर्वरकों की कमी नहीं होने दी जाएगी।

खरीफ 2026 सीजन के लिए उर्वरकों की उपलब्धता फिलहाल 'अच्छी' और 'स्थिर' बनी हुई है।

### कुछ संयंत्र फिर शुरू होंगे

जानकारी के मुताबिक, मार्च और अप्रैल में 67.76 लाख टन उर्वरक उत्पादन हुआ। इसके अलावा 17 लाख टन का आयात भी किया गया है। मई महीने के लिए सरकार ने 22 लाख टन यूरिया, 4 लाख टन डीएपी और 8 लाख टन एनपीके का लक्ष्य रखा है। कुछ बंद संयंत्रों को भी दोबारा शुरू किया जा रहा है।

**सुविधा** | सरकार ने तैयार किया एक नया ब्लूप्रिंट, करोड़ों यात्रियों को मिलेगी राहत, ट्रिगर तकनीक का लिया जाएगा सहारा

# सैटेलाइट टोल सिस्टम में निजता बरकरार रहेगी

■ अरविंद सिंह

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार सैटेलाइट टोल टैक्स सिस्टम में भी करोड़ों यात्रियों की निजता बरकरार रखेगी। वैश्विक नेविगेशन सैटेलाइट प्रणाली (जीएनएसएस) आधारित इस टोलिंग को लागू करने के लिए ट्रैकिंग नहीं, बल्कि ट्रिगर तकनीक का सहारा लिया जाएगा।

संसदीय समिति की कड़ी आपत्ति के बाद सरकार ने डेटा सुरक्षा कानूनों (डीपीडीपी एक्ट) के दायरे में रहते हुए एक नया ब्लूप्रिंट तैयार किया है। सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पर्यटन व परिवहन संबंधी संसदीय समिति ने मंत्रालय से सवाल किया था कि यदि किसी वाहन में ओबीयू (ऑन बोर्ड यूनिट) लगा है, तो क्या सरकार को यह पता होगा कि व्यक्ति टोल रोड से उतरने के बाद कहां जा रहा है। समिति का तर्क था कि 'राइट टू प्राइवेसी' के तहत सरकार को केवल सड़क के उपयोग का डेटा रखने का अधिकार है, नागरिक के पूरे सफर का नहीं। इस कानूनी अड़चन को दूर करने के लिए सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय ने जीरो नॉलेज ट्रैकिंग मॉडल अपनाया है।

इसके तहत पूरे नेशनल हाईवे नेटवर्क के प्रवेश और निकास बिंदुओं पर सैटेलाइट के जरिए एक डिजिटल बाउंड्री या जियोफेंस बना दी जाएगी। जब तक वाहन हाईवे के बाहर सामान्य सड़कों पर चलेगा, ओबीयू डेटा सर्वर को कोई सिग्नल नहीं भेजेगा। डिवाइस स्लीप मोड में रहेगा। जैसे ही वाहन उस वर्चुअल गेट को पार करेगा, ओबीयू सक्रिय हो जाएगा और केवल दो ही जानकारियां सर्वर को देगा। पहला प्रवेश का समय और दूसरा वाहन की आईडी। जैसे ही वह हाईवे से बाहर निकलेगा अंतिम वर्चुअल गेट उसे लॉग-आउट कर देगा और लोकेशन शेयरिंग तुरंत बंद हो जाएगी।



### रीयल-टाइम मॉनिटरिंग नहीं होगी

सड़क परिवहन मंत्रालय तीन कंपनियों के साथ मिलकर ऐसी कोडिंग विकसित कर रहा है, जिससे सर्वर पर स्टोर होने वाला डेटा व्यक्ति के नाम से नहीं, बल्कि एक रैंडम टोकन नंबर से पहचाना जाएगा। कंट्रोल रूम को यह नहीं दिखेगा कि गाड़ी कहां चल रही है, उसे केवल 'पॉइंट ए' से 'पॉइंट बी' तक की दूरी का हिसाब मिलेगा।


## पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड

PETRONET LNG LIMITED

**पंजीकृत कार्यालय :** चौथी मंज़िल, टावर-I, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली - 110029
**फ़ोन:** 011-71233525, **सीआईएन:** L74899DL1998PLC093073
**ईमेल:** investors@petronetlng.in, **कंपनी की वेबसाइट:** www.petronetlng.in

### पोस्टल बैलेट की सूचना

एतदद्वारा नोटिस दिया जाता है कि कंपनी बोर्ड में एक निदेशक की नियुक्ति के लिए अपने सदस्यों से मंज़ूरी मांग रही है, जैसा कि पोस्टल बैलेट की सूचना में विस्तृत रूप से बताया गया है।

विस्तृत पोस्टल बैलेट नोटिस, साथ में विवरणात्मक कथन और ई-वोटिंग के लिए दिशा-निर्देश, कंपनी की वेबसाइट **www.petronetlng.in**, स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट **https://www.bseindia.com**, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **https://www.nseindia.com** और ई-वोटिंग एजेंसी यानी नेशनल सिक्योरिटीज़ डिपॉज़िटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट **www.evoting.nsdl.com** पर उपलब्ध हैं।

पोस्टल बैलेट कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 110 और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, साथ में पठित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014, ('नियम') और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमों, 2015 के विनियम 44 के अनुसार आयोजित किया जा रहा है।

कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने सामान्य परिपत्र सं. 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, 10/2021 दिनांक 23 जून, 2021, 20/2021 दिनांक 8 दिसंबर, 2021, 3/2022 दिनांक 5 मई, 2022, 11/2022 दिनांक 28 दिसंबर, 2022, 09/2023 दिनांक 25 सितंबर, 2023, 09/2024 दिनांक 19 सितंबर, 2024, 03/2025 दिनांक 22 सितंबर, 2025 और कारपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अन्य प्रासंगिक परिपत्रों और अधिसूचनाओं (इसके बाद सामूहिक रूप से 'एमसीए परिपत्र' के रूप में संदर्भित) के द्वारा कंपनियों को केवल इलेक्ट्रॉनिक रूप में नोटिस भेजकर पोस्टल बैलेट संचालित करने की अनुमति दी गई है।

कंपनी ने अपने सदस्यों को अपने ईमेल पते पंजीकृत करने के लिए दिए जा रहे अवसर और उनके लिए उपलब्ध तंत्र के बारे में पहले ही सूचित कर दिया था, ताकि उन्हें ईमेल के माध्यम से विभिन्न जानकारी भेजी जा सके।

जिन सदस्यों ने अपने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं कराये हैं, उनसे अनुरोध है कि यदि शेयर डीमैट मोड में हैं, तो वे संबंधित डिपॉजिटरी के पास अपने ईमेल पते पंजीकृत करा लें, या यदि शेयर भौतिक रूप में हैं, तो कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (''आरटीए''), बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के पास अपने ईमेल पते पंजीकृत करा लें। ई-मेल के सफल पंजीकरण के बाद, सदस्य पोस्टल बैलेट नोटिस और इस पोस्टल बैलेट के लिए वोटिंग को सक्षम करने हेतु ई-वोटिंग की प्रक्रिया प्राप्त करने का अनुरोध **investor@bigshareonline.com** पर ईमेल भेजकर कर सकते हैं।

पोस्टल बैलेट नोटिस और ई-वोटिंग निर्देश, उपयोगकर्ता आईडी एवं पासवर्ड उन सदस्यों को ईमेल द्वारा भेजे गए हैं जिनके ईमेल पते कंपनी/आरटीए/संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ पंजीकृत हैं और जिनके नाम **शुक्रवार, 01 मई, 2026 ("कट-ऑफ तिथि")** तक सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थी स्वामियों की सूची में दिखाई दिए हैं। ईमेल प्रक्रिया **सोमवार, 04 मई, 2026** को पूरी हो गई है।

कंपनी ने अपने सदस्यों को रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा देने के लिए नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की सेवा ली है। **रिमोट ई-वोटिंग का समय शुक्रवार, 08 मई, 2026 को सुबह 9:00 बजे (भा.मा.स.) से शुरू होगा और शनिवार, 06 जून, 2026 को शाम 5:00 बजे (भा.मा.स.) समाप्त होगा।** इसके बाद एनएसडीएल ई-वोटिंग मॉड्यूल को बंद कर देगा। सदस्यों के वोटिंग अधिकार **कट-ऑफ तारीख यानी शुक्रवार, 01 मई, 2026** को कंपनी के पेड-अप इक्विटी शेयर कैपिटल में उनके पास मौजूद शेयरों के हिसाब से होंगे। सदस्यों की सहमति या असहमति केवल रिमोट ई-वोटिंग सिस्टम के ज़रिए ही बताई जाएगी। केवल वे सदस्य जिनके नाम कट-ऑफ तारीख को कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर या डिपॉजिटरी द्वारा तैयार किए गए लाभार्थी स्वामी के रजिस्टर में दर्ज हैं, वे ही रिमोट ई-वोटिंग से अपना वोट डालने के हकदार होंगे। एक बार सदस्य वोट डाल देता है, तो उसे बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं होगी।

इलेक्ट्रॉनिक तरीके से वोटिंग की सुविधा से जुड़ी सभी शिकायतें एनएसडीएल की सीनियर मैनेजर सुश्री पल्लवी म्हात्रे को **evoting@nsdl.co.in** पर भेजी जा सकती हैं या 022-4886 7000 पर कॉल किया जा सकता है।

कंपनी के निदेशक मंडल ने पोस्टल बैलेट प्रक्रिया को सही और पारदर्शी तरीके से संचालन करने के लिए मैसर्स रागिनी चोकशी एंड कंपनी, कंपनी सेक्रेटरीज़ (फर्म रजिस्ट्रेशन नंबरः बीए-92897) को जांचकर्ता नियुक्त किया है।

अगर सदस्य पोस्टल बैलेट से ज़रूरी बहुमत से प्रस्ताव पास कर देते हैं, तो उन्हें वोटिंग अवधि की आखिरी तारीख यानी **शनिवार, 06 जून, 2026** को पास माना जाएगा।

पोस्टल बैलेट से वोटिंग का नतीजा सर्वोत्तम समय सीमा **मंगलवार, 09 जून, 2026** तक बताया जाएगा और यह कंपनी की वेबसाइट **www.petronetlng.in** पर, स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट यानी बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट **https://www.bseindia.com/,** और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **https://www.nseindia.com/** पर और एनएसडीएल की वेबसाइट **www.evoting.nsdl.com** पर उपलब्ध रहेगा।

**सदस्यों से आम अपील:**

- पर्यावरण में अपना योगदान देने की हमारी कोशिश में हम आपके कीमती सहयोग और समर्थन की उम्मीद करते हैं। हम सदस्यों से अपील करते हैं कि वे कंपनी से जानकारी प्राप्त करने हेतु अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) (अगर शेयर इलेक्ट्रॉनिक मोड में हैं) या आरटीए/कंपनी (अगर शेयर भौतिक मोड में हैं) के साथ अपने ईमेल पते पंजीकृत/अद्यतन करें।
- सेबी ने अपने परिपत्र सं. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD_RTAMB/P/CIR/2021/655, दिनांक 3 नवंबर, 2021 (जिसे बाद में परिपत्र सं. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD_RTAMB/P/CIR/2021/687, दिनांक 14 दिसंबर, 2021, SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD-1/P/CIR/2023/37, दिनांक 16 मार्च, 2023 और SEBI/HO/MIRSD/POD-1/P/CIR/2023/181, दिनांक 17 नवंबर, 2023 द्वारा बदला गया) के ज़रिए यह ज़रूरी कर दिया है कि 1 अप्रैल, 2024 से, प्रतिभूत धारकों (भौतिक रूप में प्रतिभूति रखने रखने वाले) को लाभांश का भुगतान केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड से किया जाएगा। ऐसा भुगतान केवल पैन, नामांकन का विकल्प, मोबाइल नंबर समेत सम्पर्क विवरण, बैंक खाता विवरण और हस्ताक्षर का नमूना देने के बाद ही किया जाएगा। इसके अलावा, सेबी की वेबसाइट पर प्रकाशित किए गए आवश्यक एफएक्यूज नीचे दिए गए लिंकः **https://www.sebi.gov.in/sebi_data/faqfiles/sep-2024/1727418250017.pdf** पर देखे जा सकते हैं।
- सदस्य कृपया ध्यान दें कि सेबी ने अपने परिपत्र सं. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD_RTAMB/P/CIR/2022/8 दिनांक 25 जनवरी, 2022 के द्वारा सूचीबद्ध कंपनियों को सेवा अनुरोधों को संसाधित करते समय अर्थात् प्रतिलिपि प्रतिभूति प्रमाणपत्र जारी करना; दावा न किए गए सस्पेंस खाते से दावा; प्रतिभूति प्रमाणपत्र/फोलियो का नवीनीकरण/आदान-प्रदान; अनुमोदन; प्रतिभूति प्रमाणपत्र का उप-विभाजन/विभाजन; प्रतिभूति प्रमाणपत्र/फोलियो का समेकन; संचरण और स्थानान्तरण हेतु केवल डिमटेरियलाइज्ड रूप में प्रतिभूतियां जारी करना अनिवार्य किया है। तदनुसार, सदस्यों से अनुरोध है कि वे विधिवत भरे हुए और हस्ताक्षरित फॉर्म आईएसआर-4 जमा करके सेवा अनुरोध करें, जिसका प्रारूप कंपनी की वेबसाइट **https://www.petronetlng.in/norms-for-processing-investors-service-requested-by-rta-related-forms** पर और आरटीए की वेबसाइट www.bigshareonline.com पर उपलब्ध है। यह ध्यान दिया जाए कि किसी भी सेवा अनुरोध को फोलियो केवाईसी अनुपालन के बाद ही संसाधित किया जा सकता है।
- सदस्य कृपया ध्यान दें कि सेबी के परिपत्र सं. HO/38/13/11(2) 2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी, 2026 के अनुपालन में कंपनी ने विशेष रूप से स्थानांतरण विलेख के पुनर्स्थापन के लिए एक विशेष विंडो खोली है, जो 01 अप्रैल, 2019 की समय सीमा से पहले दर्ज की गई थी और दस्तावेजों/प्रक्रिया/या अन्यथा में कमी के कारण अस्वीकार/लौटी/उपस्थित नहीं हुई थी। यह विशेष विंडो 05 फरवरी, 2026 से 04 फरवरी, 2027 तक खुली रहेगी। विस्तृत परिपत्र कंपनी की वेबसाइट www.petronetlng.in पर उपलब्ध है। भौतिक शेयरों के हस्तांतरण के लिए कानूनी रूप से वैध और पूर्ण दस्तावेजों को जमा करने पर विचार किया जाएगा, जहां स्वामित्व पर कोई विवाद नहीं है। निवेशक 04 फरवरी, 2027 तक कंपनी के रजिस्ट्रार एंड शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) के पास अपना अनुरोध जमा कर सकते हैं। इस प्रकार हस्तांतरित प्रतिभूतियों को अनिवार्य रूप से केवल डीमैट मोड में हस्तांतरिती को जमा किया जाएगा और हस्तांतरण के पंजीकरण की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए लॉक-इन के तहत होगा। ऐसी प्रतिभूतियों को उक्त लॉक-इन अवधि के दौरान हस्तांतरित/ग्रहणाधिकार-चिह्नित/गिरवी नहीं रखा जाएगा। निवेशकों के पास एक डीमैट खाता होना चाहिए और आरटीए के साथ भौतिक शेयरों के हस्तांतरण के लिए अनुरोध करते समय दिनांक 30.01.2026 के सेबी परिपत्र में निर्दिष्ट आवश्यक दस्तावेज प्रदान करने चाहिए। इस तरह के हस्तांतरण-सह-मांग अनुरोधों के लिए उचित प्रक्रिया का पालन किया जाएगा।
- सदस्यों से अनुरोध है कि वे फॉर्म को फॉर्म में सूचीबद्ध प्रासंगिक प्रमाणों के साथ विधिवत भरें और हस्ताक्षर करें तथा हस्ताक्षरित प्रासंगिक फॉर्म को कंपनी के आरटीए, बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को डाक द्वारा कार्यालय नं. एस 6-2, छठी मंजिल, पिनेकल बिजनेस पार्क, अहुरा सेंटर के बगल में, महाकाली केव्स रोड, अंधेरी (ई), मुंबई-400093 को भेजकर अपना रिकार्ड अद्यतन करें।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड
हस्ता0/-
(राजन कपूर)
जीजीएम और अध्यक्ष - कंपनी सचिव

**स्थान:** नई दिल्ली
**दिनांक:** 04 मई, 2026